नगर परिषद चैम्बर्स
3300 Capitol Avenue
Fremont, California

## फ्रीमॉन्ट नगर परिषद

लिली मेअ (Lily Mei), महापौर

रिक जोंस (Rick Jones), उप-महापौर

विन्नी बेकन (Vinnie Bacon)

राज सलवान (Raj Salwan)

डेविड बोनाकोर्सी (David Bonaccorsi)

## शहरी स्टॉफ

फ्रेड डियाज़ (Fred Diaz), शहरी प्रबंधक

हार्वे ई. लैवाइन (Harvey E. Levine), शहरी वकील

जैसिका वॉन बोर्क (Jessica von Borck), सहायक शहरी प्रबंधक

मर्लिन क्रेन (Marilyn Crane), जानकारी तकनीशियन सेवा निदेशक

सूजन गौथियर (Susan Gauthier), शहरी क्लर्क

कैली क्लाइन (Kelly Kline), आर्थिक विकास निदेशक

हैंस लारसेन (Hans Larsen), लोक निर्माण निदेशक

जोफ़ लाटेंड्रिसी (Geoff LaTendresse), फायर चीफ

रिचर्ड लूसेरो (Richard Lucero), पुलिस प्रमुख

डेविड परसेलिन (David Persselin), वित्तीय निदेशक

जैफ़ शवॉब (Jeff Schwob), सामुदायिक विकास निदेशक

करीना शैकलफोर्ड (Karena Shackelford), सहायक शहरी प्रबंधक

सूज़न शैनफिल(Suzanne Shenfil), मानव सेवा निदेशक

# फ्रीमॉन्ट नगर परिषद
# एजेंडा और रिपोर्ट

**6 जून 2017**

## व्यवसाय का सामान्य क्रम

1. प्रारंभिक
   - बैठक की शुरुआत करना
   - झंडे को सलामी देना
   - हाज़िरी
2. सहमति कैलेंडर
3. समारोह मदें
4. सार्वजनिक संचार
5. निर्धारित मदें
   - सार्वजनिक सुनवाईयाँ
   - अपीलें
   - कमिश्नों, बोर्ड और कमेटियों से रिपोर्टें
6. शहरी वकील से रिपोर्ट
7. अन्य व्यवसाय
8. समिति के संचार
9. स्थगन

## विचार-विमर्श का क्रम

आम तौर पर, महापौर द्वारा किसी मद की शुरूआत के बाद चर्चा के क्रम में शहरी समिति के प्रश्न और पूछताछ के बाद कर्मचारियों द्वारा टिप्पणियाँ और सूचना शामिल होगी। आवेदक, या उनके अधिकृत प्रतिनिधि, या रुचि रखने वाले नागरिक, फिर उस मद पर बोलेंगे; प्रत्येक वक्ता हरेक मद पर केवल एक बार बोल सकता है। सार्वजनिक विचार-विमर्श के समाप्त होने पर, उस मद पर शहरी समिति द्वारा विचार किया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। एजेंडा पर की मदों को सूचीबद्ध क्रम से बदला जा सकता है।

## सहमति कैलेंडर

सहमति कैलेंडर की मदों को शहरी समिति द्वारा नियमित माना जाता है और इसे एक प्रस्ताव और एक वोट द्वारा अधिनियमित किया जाएगा। इन मदों पर कोई अलग चर्चा नहीं होगी, जब तक कोई भी परिषद सदस्य या नागरिक ऐसा अनुरोध न करे, तो उस मामले में मद को सहमति कैलेंडर से



*पुनर्नवीनीकरण पेपर पर मुद्रित*

पिछला हिस्सा देखें

## परिषद को संबोधित करना

महापौर द्वारा अनुमोदन प्राप्त करने के बाद कोई भी व्यक्ति नगर परिषद द्वारा विचार-विमर्श के तहत किसी भी मद पर एक बार बोल सकता है। स्पीकर कार्ड बैठक से पहले और के दौरान उपलब्ध होंगे। नगर परिषद को संबोधित करने के लिए, एक कार्ड को शहरी क्लर्क के पास सबमिट किया जाना ज़रूरी है जिस पर नाम, पता, और उस मद की संख्या लिखी होनी चाहिए जिस पर वह व्यक्ति बोलना चाहता है। नगर परिषद को संबोधित करते समय, कृपया नगर परिषद के आगे के भाग की ओर स्थित भाषण-मंच तक चलकर आएँ। अपना नाम बताएँ। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी व्यक्तियों को बोलने का मौका मिले, महापौर द्वारा प्रत्येक वक्ता के लिए एक समय सीमा निर्धारित की जाएगी (स्पीकर कार्ड पर दिये निर्देश देखें)। समय के हित में, प्रत्येक वक्ता केवल प्रत्येक व्यक्तिगत एजेंडा मद पर केवल एक बार बोल सकता है; कृपया अपनी टिप्पणी को नई सामग्री पर सीमित रखें; एक पूर्व वक्ता ने क्या कहा है उसे दोहराएँ नहीं।

## मौखिक संचार

कोई भी व्यक्ति जो उस विषय पर बात करने की इच्छा रखता है जो इस एजेंडे में निर्धारित नहीं है, तो यह लोक संचार के मौखिक संचार सेक्शन के तहत किया जा सकता है। कृपया अपना स्पीकर कार्ड मौखिक संचार की शुरुआत से पहले शहरी क्लर्क को सबमिट करें। **जिन लोगों ने मौखिक संचार की शुरुआत से पहले कार्ड जमा किए हैं, केवल उन्हें बोलने की अनुमति दी जाएगी।** कृपया ध्यान रखें कि कैलिफोर्निया सरकारी संहिता नगर परिषद को किसी ऐसी मद पर कोई तत्काल कार्रवाई करने पर रोक लगाती है जो एजेंडा पर ना हो, जब तक कि वह मद कड़ी क़ानूनी आवश्यकताओं को पूरा न करती हो। महापौर आपकी प्रस्तुतिकरण की लम्बाई को सीमित करेगा (स्पीकर कार्ड पर निर्देश देखें) और प्रत्येक वक्ता प्रत्येक एजेंडा मद पर केवल एक बार ही बोल सकता है।

**नगर परिषद एजेंडों को कम्प्यूटर द्वारा अग्रांकित वर्ल्ड वाइड वेब पते से पहुंचा जा सकता है:** www.fremont.gov

## जानकारी

एजेंडा और रिपोर्ट की प्रतियाँ फ्रीमॉन्ट नगर परिषद, 3300 कैपिटल एवेन्यू और विकास सेवा केन्द्र, 39550 लिबर्टी स्ट्रीट पर एक नियमित निर्धारित नगर परिषद की बैठक से पहले वाले शुक्रवार पर उपलब्ध होती है। विशिष्ट कार्यसूची वस्तुओं से संबंधित पूरक दस्तावेज शहरी क्लर्क के कार्यालय में उपलब्ध हैं।

फ्रीमॉन्ट सिटी काउंसिल की नियमित बैठकें केबल टेलीविजन चैनल 27 पर प्रसारित की जाती हैं और हमारी वेबसाइट पर वेबकास्ट के माध्यम से देखी जा सकती हैं (www.Fremont.gov)।

1990 के अमेरिकन विद डिसएबिल्टीज़ अधिनियम के अनुपालन में उन लोगों को सहायता प्रदान की जाएगी जिन्हें विकलांगता के लिए समायोजनों की जरूरत होगी। (510) 284-4060 पर शहरी क्लर्क से संपर्क करके इच्छुक व्यक्तियों को बैठक से कम से कम 2 कार्य दिवस पहले समायोजन के लिए अनुरोध करना चाहिए। परिषद के मंडलों में बधिरों के लिए नगर परिषद की बैठकें *ओपन कैप्शन्ड* है और घर पर देखने के लिए *क्लोज़्ड कैप्शन्ड* है।

## सार्वजनिक रिकॉर्डों की उपलब्धता

एक एजेंडा पर एक खुले सत्र वाली मद से संबंधित सभी खुलासे योग्य सार्वजनिक रिकॉर्ड, जो कि शहर द्वारा सभी या अधिकांश नगर परिषद को मीटिंग से पहले 72 घंटे से कम समय में वितरित किए जाते हैं, वे फ्रीमॉट सिटी हॉल, 3300 कैपिटल एवेन्यू की लॉबी में स्थित विशेष रूप से लेबल वाले बाइंडरों में, सामान्य कारोबारी घंटों के दौरान, उस समय जब रिकॉर्ड नगर परिषद को वितरित किये जाते हैं, सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

सिटी या एजेंडा और रिपोर्ट पर निर्धारित मदों के बारे में जानकारी को निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता है:

पता: City Clerk
City of Fremont
3300 Capitol Avenue, Bldg. A

Fremont, California 94538
टेलीफोन: (510) 284-4060

*आपकी सिटी के व्यवसाय में आपकी रुचि की सराहना की जाती है।*

**कार्यसूची**

**फ्रीमॉन्ट नगर परिषद की नियमित बैठक**

**6 जून 2017**

**समिति के चैम्बर, 3300 कैपिटल एवेन्यू, इमारत A**

**शाम 07:00 बजे**

## 1. प्रारंभिक

**A. बैठक की शुरुआत करना**

**B. झंडे को सलामी देना**

**स. हाज़िरी**

**ड. महापौर / शहरी प्रबंधक द्वारा घोषणाएँ**

## *2. सहमति कैलेंडर*

*सहमति कैलेंडर की मदों को शहरी समिति द्वारा नियमित माना जाता है और इसे एक प्रस्ताव और एक वोट द्वारा अधिनियमित किया जाएगा। इन मदों पर कोई अलग चर्चा नहीं होगी, जब तक कोई भी परिषद सदस्य या नागरिक ऐसा अनुरोध न करे, तो उस मामले में मद को सहमति कैलेंडर से हटा दिया जाएगा और अलग माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, विरोध में "नगर परिषद को संबोधित करने के लिए अनुरोध" कार्ड के बिना अन्य मदों को सहमति कैलेंडर में जोड़ा जा सकते है। शहरी वकील अपनाए जाने वाले नियमों का शीर्षक पढ़ेगा।*

***A. प्रस्तावित अध्यादेशों को आगे पढ़ने से छूट देने के लिए मोशन***
*(यह पूरे पाठ को पढ़ने की बजाय केवल शीर्षक को पढ़ने की अनुमति देता है।)*

***B. मिनट्स (कार्यवृत्त) का अनुमोदन*** *– कोई नहीं।*

***स. घनत्व बोनस, गौण आवास इकाइयों और मैरुआना विनियमन और शहर के भीतर संपत्ति के विकास और उपयोग दोनों से संबंधित मौजूदा विनियमों को बेहतर बनाने और स्पष्टीकरण के लिए और सामान्य योजना समुदाय चरित्र भूमि उपयोग के नक्शे के साथ अनुरूपता प्रदान करने के लिए मानचित्र संशोधनों के क्षेत्रीकरण के लिए राज्य कानूनों के साथ अनुरूपता के लिए सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट के, टाइटल 18 (योजना बनाना और क्षेत्रीकरण) और वायरलेस सुविधा-स्थलों के बारे में फ्रीमॉन्ट नगर संहिता के टाइटल 12 (सड़कों, पटरियों, और सार्वजनिक सम्पत्ति)को संशोधित करने वाले एक अध्यादेश की दूसरी बार रीडिंग और अभिग्रहण और फ्रीमॉन्ट नगरपालिका संहिता टाइटल 18 (योजना बनाना और क्षेत्रीकरण) के विभिन्न अध्यायों को शामिल करने के लिए सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट के एक अध्यादेश की दूसरी बार रीडिंग और अभिग्रहण (PLN2017-00244)***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

*नाम: सूजन गौथियर (Susan Gauthier) वेलैंड ली (Wayland Li)*

| | | |
|---|---|---|
| *पदनाम:* | *सिटी क्लर्क* | *वरिष्ठ योजनाकार* |
| *विभाग:* | *शहरी क्लर्क का कार्यालय* | *योजना* |
| *फोन:* | *510-284-4076* | *510-494-4453* |
| *ई-मेल:* | *sgauthier@fremont.gov* | *wli@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *अध्यादेशों को अपनाना।*

***ड.*** ***वार्म स्प्रिंग्स बार्ट वैस्ट एक्सेस ब्रिज एंड प्लाजा प्रोजेक्ट - वार्म स्प्रिंग्स बार्ट वेस्ट एक्सेस ब्रिज एंड प्लाजा प्रोजेक्ट से संबंधित निर्माण प्रबंधन सेवाओं के लिए $2,200,000 से अधिक न होने वाली राशि में एस एंड सी इंजीनियर्स, इंक के साथ एक व्यावसायिक सेवा समझौता निष्पादित करने के लिए प्राधिकरण (PWC8804)।***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *मीराबेल आगुलार (*Mirabel Aguilar) | *हैंस लारसेन (*Hans Larsen) |
| *पदनाम:* | *सहायक सिविल इंजीनियर* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *लोक निर्माण* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-494-4761* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *maguilar@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *वार्म स्प्रिंग्स बार्ट वेस्ट एक्सेस ब्रिज एंड प्लाजा प्रोजेक्ट से संबंधित निर्माण प्रबंधन सेवाओं के लिए $2,200,000 से अधिक न होने वाली राशि में एस एंड सी इंजीनियर्स, इंक के साथ एक व्यावसायिक सेवा समझौता निष्पादित करने के लिए शहरी प्रबंधक या उसके नामित व्यक्ति को प्राधिकरण देना (PWC8804)।*

***E.*** ***वाहनों के बेड़े की खरीद - एलबनी फोर्ड से दो फोर्ड F350 यूटिलिटी ट्रकों की खरीद के आदेश संविदाओं की मंजूरी, जिसकी राशि $115,858.14 से अधिक नहीं और पीटरसन ट्रैक्टर कंपनी से एक वीलर P385B एस्फाल्ट पेवर की खरीद के आदेश संविदाओं की मंजूरी, जिसकी राशि $195,550.38 से अधिक नहीं हो सकती। दिशा-निर्देश 15061 के अनुसार CEQA समीक्षा से छूट***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *मार्क कौलिंस (*Mark Collins) | *हैंस लारसेन (*Hans Larsen) |
| *पदनाम:* | *फ्लीट रखरखाव प्रबंधक* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *रखरखाव* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-979-5739* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *mcollins@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:***

1. *एलबनी फोर्ड से दो फोर्ड F350 यूटिलिटी ट्रकों की खरीद के लिए एक क्रय आदेश के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना, जिसकी राशि $1,15,858.14 से अधिक नहीं हो सकती।*
2. *पीटरसन ट्रैक्टर कंपनी से एक वीलर P385B एस्फाल्ट पेवर की खरीद के लिए एक क्रय आदेश के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना, जिसकी राशि $1,95,550.38 से*

*अधिक नहीं होगी।*

**F.** ***ईंधन की आपूर्ति के लिए अनुबंध - पेट्रोलियम और डीजल ईंधन की खरीद और वितरण के लिए सर्दन काउंटीज़ ऑयल कंपनी के साथ खरीद आदेश अनुबंध निष्पादित करने के लिए प्राधिकरण। दिशा-निर्देश 15378 (b) (2) के अनुसार CEQA समीक्षा से छूट***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *मार्क कौलिंस (Mark Collins)* | *हैंस लारसेन (Hans Larsen)* |
| *पदनाम:* | *फ्लीट रखरखाव प्रबंधक* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *रखरखाव* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-979-5739* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *mcollins@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *एक साल की अवधि के लिए अनलेडिड गैसोलीन और डीजल ईंधन की खरीद और वितरण के लिए सर्दन काउंटीज़ ऑयल कंपनी, डीबीए SC ईंधन के साथ खरीद ऑर्डर अनुबंध को निष्पादित करने और तीन साल तक के लिए अनुबंध को नवीनीकृत करने के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को अधिकृत करें।*

**G.** ***प्रकाश रखरखाव अनुबंध - बियर इलैक्ट्रिकल सोल्यूशंस को अनुबंध को पुरस्कृत करने और स्ट्रीट लाइट और बाहरी सार्वजनिक सुविधास्थल लाइट रखरखाव अनुबंध के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना।***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *कार्ल वालडेज़ (Carl Valdez)* | *हैंस लारसेन (Hans Larsen)* |
| *पदनाम:* | *सड़क रखरखाव प्रबंधक* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *रखरखाव* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-979-5719* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *cvaldez@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:***

1. *एक साल की अवधि के लिए बियर इलैक्ट्रिकल सोल्यूशंस को अनुबंध को पुरस्कृत करें और स्ट्रीट लाइट और बाहरी सार्वजनिक सुविधास्थल लाइट रखरखाव अनुबंध के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करें।*
2. *शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र मूल्य सूचकांक के आधार पर वार्षिक मूल्य समायोजन के अनुसार, जो प्रति वर्ष 5% से अधिक नहीं होगा, चार अतिरिक्त वर्षों तक बियर इलैक्ट्रिकल सोल्यूशंस के साथ अनुबंध को नवीनीकृत करने के लिए प्राधिकृत करें।*

**H.** ***बाढ़ के पानी वाले नालों के रखरखाव उपकरण - पोर्टेबल टीवी निरीक्षण प्रणाली के लिए अटलांटिक मशीनरी, इंक से बाढ़ के पानी वाले नालों  के रखरखाव उपकरण के लिए क्रय आदेश अनुबंध की मंजूरी, जिसकी राशि $127,112.5 9 से अधिक नहीं होगी; दिशा-निर्देश 15061 के अनुसार CEQA समीक्षा से छूट***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *कार्ल वालडेज़ (Carl Valdez)* | *हैंस लारसेन (Hans Larsen)* |
| *पदनाम:* | *सड़क रखरखाव प्रबंधक* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *रखरखाव* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-979-5719* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *cvaldez@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *अटलांटिक मशीनरी, इंक से एक मार्क 3 पोर्टेबल टीवी निरीक्षण प्रणाली की खरीद के लिए एक क्रय आदेश के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना, जिसकी राशि $127,112.59 से अधिक नहीं होगी।*

***I. सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट के अमेरिकन अपंगता अधिनियम (ADA) शहरी मूल्यांकन और संक्रमण योजना के लिए सेवा अनुबंध में संशोधन - एक सिटी मूल्यांकन करने और सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट के ADA ट्रांजिशन प्लान को अद्यतन करने के लिए चरण II सेवाओं के अनुबंध की राशि को $295,075 से बढ़ाकर आगे न बढ़ने वाली राशि $535,075 तक में अद्यतन करने के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को अपंगता पहुंच कंसल्टेंट्स (DAC) के साथ सेवा समझौते में संशोधन करने के लिए प्राधिकृत करना***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *कैली किंग (Kelly King)* | *जैसिका वॉन बोर्क (Jessica von Borck)* |
| *पदनाम:* | *सहायक निदेशक , रखरखाव और व्यापार परिचालन* | *सहायक शहरी प्रबंधक* |
| *विभाग:* | *लोक निर्माण* | *शहरी प्रबंधक का कार्यालय* |
| *फोन:* | *510-979-5753* | *510-248-4008* |
| *ई-मेल:* | *kking@fremont.gov* | *jvborck@fremont.gov* |

***सिफारिशें:***

1. *चरण II सेवाओं के अनुबंध की राशि को $295,075 से बढ़ाकर आगे न बढ़ने वाली राशि $535,075 तक में अद्यतन करने के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को DAC के साथ सेवा समझौते में संशोधन करने के लिए अनुमोदित एवं प्राधिकृत करना।*
2. *अनुबंध में वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए PWC8877-520 ACTC प्रस्ताव BB निधियों से $1,35,000 और PWC8877-519 ACTC B निधियों से कुल $240,000 को PWC8846 ADA ट्रांजिशन प्लान प्रोजेक्ट में पुनःआबंटन को अनुमोदित करना।*

***J. रेलवे डिजाइन सेवा - राजमार्ग-रेल इंटरकनेक्ट डिजाइन और राजमार्ग-रेल संचालन विश्लेषण सेवाओं के लिए $50,000 की राशि में रेलपोर्ज़, इंक के साथ ऑन-कॉल इंजीनियरिंग सलाहकार सेवाओं के लिए संशोधन का अनुमोदन***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *जनीन सुयेशी (Jeanne Suyeishi)* | *हैंस लारसेन (Hans Larsen)* |
| *पदनाम:* | *वरिष्ठ सिविल इंजीनियर* | *लोक निर्माण निदेशक* |

| | | |
|---|---|---|
| *विभाग:* | *लोक निर्माण* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-494-4728* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *jsuyeishi@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *अतिरिक्त राजमार्ग-रेल इंटरकनेक्ट डिजाइन सेवाओं और राजमार्ग-रेल संचालन विश्लेषण सेवाओं के लिए $50,000 तक की राशि में रेलपोर्ज़, इंक के साथ ऑन-कॉल मास्टर सेवा अनुबंध के लिए संशोधन के निष्पादन के लिए शहरी प्रबंधक या नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना।*

***K.*** ***निवेश नीति का वार्षिक अनुमोदन - निवेश नीति का वार्षिक अनुमोदन; निवेश का प्रबंधन करने के लिए शहरी कोषाध्यक्ष को प्राधिकरण का वार्षिक प्रतिनिधित्व***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | |
|---|---|
| *नाम:* | *डेविड परसेलिन (David Persselin)* |
| *पदनाम:* | *वित्तीय निदेशक* |
| *विभाग:* | *वित्तीय विभाग* |
| *फोन:* | *510-494-4631* |
| *ई-मेल:* | *dpersselin@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *वित्तीय वर्ष 2017/18 के लिए शहर की निवेश नीति को अनुमोदित करने के लिए एक संकल्प अपनाना और निधियों को निवेश करने और पुन:निवेश करने के लिए, और खरीदी गई प्रतिभूतियों को बेचने या विनिमय करने के लिए,एक वर्ष के लिए या जब तक नगर परिषद द्वारा रद्द ना कर दिया जाए, शहरी समिति के प्राधिकरण को वित्त निदेशक/कोषाध्यक्ष को सौंपना।*

***L.*** ***परिवहन अनुदान निधिकरण - $2.8 मिलियन की राशि में फुटपाथ पुनर्वास परियोजना के लिए MTC अनुदान निधिकरण प्राप्त करने के लिए और सेंटरविले प्रोजेक्ट में त्याग दी गई स्टेट रूट 84 की पूरी सड़क के अद्यतन के लिए $7.7 मिलियन की राशि में स्थानीय सहायता के एक संकल्प को अपनाना।***

*सम्पर्क व्यक्ति:*

| | | |
|---|---|---|
| *नाम:* | *नोए वैलोसो (Noe Veloso)* | *हैंस लारसेन (Hans Larsen)* |
| *पदनाम:* | *मुख्य परिवहन इंजीनियर* | *लोक निर्माण निदेशक* |
| *विभाग:* | *लोक निर्माण* | *लोक निर्माण* |
| *फोन:* | *510-494-4774* | *510-494-4722* |
| *ई-मेल:* | *nveloso@fremont.gov* | *hlarsen@fremont.gov* |

***सिफारिशें:*** *फुटपाथ पुनर्वास परियोजना के लिए $ 2.8 मिलियन की राशि में वन बे एरिया ग्रांट (ओबीएजी) कार्यक्रम और सेंटरविले प्रोजेक्ट में त्याग दी गई स्टेट रूट 84 की पूरी सड़क के अद्यतन के लिए $7.7 मिलियन की राशि के वित्त पोषण को प्राप्त करने के लिए मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन कमिशन (MTC) द्वारा आवश्यक स्थानीय समर्थन के प्रस्ताव को अपनाना; और अनुदान निधि के लिए आवेदन को अंजाम और फाइल करने के लिए; किसी आवश्यक मेलिंग फंड को प्रतिबद्ध करने; और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आश्वस्त करने के शहरी प्रबंधक या उसके नामित व्यक्ति को प्राधिकृत करना।*

3. **समारोह मदें** – कोई नहीं।

4. **सार्वजनिक संचार**

A. **मौखिक और लिखित संचार**

**औद्योगिक विकास प्राधिकरण** – कोई नहीं।

**सार्वजनिक वित्त प्राधिकरण** – कोई नहीं।

**सहमति कैलेंडर से हटाई गई मदों पर विचार करना**

5. **निर्धारित मदें**

A. **फेयरफील्ड इन्वेस्टमेंट कंपनी LLC और वेकलैंड हाउसिंग एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (वैली ओक) की संबद्धता के लिए बॉन्ड जारी करना - वार्म स्प्रिंग्स अपार्टमेंट्स सस्ते हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए कैलिफोर्निया स्टेटवाइड कम्युनिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी (CSCDA) द्वारा कर में छूट वाले बांड जारी करने पर विचार करने के लिए टैक्स इक्विटी और राजकोषीय दायित्व अधिनियम (TEFRA) के अनुसार सार्वजनिक सुनवाई (नोटिस प्रकाशित किया गया) -- अप्रैल 11, 2017 और मई 2, 2017 की नगर परिषद की बैठकों से जारी है**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | |
|---|---|
| नाम: | डेविड परसेलिन (David Persselin) |
| पदनाम: | वित्तीय निदेशक |
| विभाग: | वित्तीय विभाग |
| फोन: | 510-494-4631 |
| ई-मेल: | dpersselin@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. TEFRA के अनुसार एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन करना;
2. फेयरफील्ड इन्वेस्टमेंट कंपनी LLC और वेकलैंड हाउसिंग एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एक सहयोगी द्वारा सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट में विकसित की जाने वाली एक किफायती आवास परियोजना के वित्तपोषण के उद्देश्य के लिए कैलिफोर्निया राज्यव्यापी समुदाय विकास प्राधिकरण द्वारा बहुमुखी हाउसिंग राजस्व बांडों के जारी करने को अनुमोदित करने के लिए एक संकल्प को अपनाना।

**B. जिला-आधारित चुनावों / प्रारूप नक्शे की सामग्री, चुनावों के अनुक्रमण - प्रारूप नक्शों, चुनावों के अनुक्रमण की समीक्षा करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई, और सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट में व्यापक स्तर से ज़िला आधारित चुनावों पर पारगमन करने वाले एक अध्यादेश का परिचय**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | | |
|---|---|---|
| नाम: | जैसिका वॉन बोर्क (Jessica von Borck) | हार्वे ई. लैवाइन (Harvey E. Levine) |
| पदनाम: | सहायक शहरी प्रबंधक | शहरी अटॉर्नी |
| विभाग: | शहरी प्रबंधक का कार्यालय | शहरी प्रबंधक का कार्यालय |
| फोन: | 510-248-4008 | 510-284-4030 |
| ई-मेल: | jvborck@fremont.gov | hlevine@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. संभावित मतदान ज़िलों के प्रारूप नक्शों और चुनाव कोड धारा 10010 के अनुसार ज़िला-आधारित चुनाव प्रक्रिया के लिए संभावित चुनावों के अनुक्रमण पर सार्वजनिक इनपुट प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया से संबंधित कर्मचारियों से एक रिपोर्ट प्राप्त करें;
2. सार्वजनिक सुनवाई खोलें और प्रारूप नक्शों और बैठक में प्रस्तुत की गई संभावित चुनाव क्रमबद्धता के बारे में जनता के सदस्यों को आमंत्रित करें;
3. जब जनता से और कोई इनपुट न आए तो सार्वजनिक सुनवाई को समाप्त करें और एक वरीयता प्राप्त प्रारूप नक्शे को चुनें;
4. पता लगाएँ कि उस प्रस्तावित अध्यादेश CEQA के दिशानिर्देशों की धारा 15061(b)(3) के अनुसार कैलिफोर्निया पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) की आवश्यकताओं से मुक्त है, इसकी कोई संभावना नहीं है कि अध्यादेश का पर्यावरण पर कोई महत्वपूर्ण असर होगा; तथा
5. नगर परिषद् सदस्यों के चुनाव की ज़िला आधारित व्यवस्था, भावी चुनावों के ज़िलों और समय तथा अनुक्रमण को स्थापित करने वाला अध्यादेश प्रस्तुत करें।

**स. वार्म स्प्रिंग प्रौद्योगिकी केन्द्र मास्टर प्लैन - PLN2017-00086 – अनुसंधान और विकास के लिए 5,84,205 वर्ग फुट स्थान और वार्म स्प्रिंग्स बुलेवार्ड के पूर्वी ओर, कॉर्पोरेट वे की उत्तरी दिशा में, और वार्म स्प्रिंग्स /साउथ फ्रीमॉन्ट सामुदायिक योजना के योजना क्षेत्र 10 के भीतर स्थित ±22-एकड़ सम्पत्ति पर 1,08,595 वर्ग फुट का औद्योगिक तल क्षेत्र के विकास को समन्वित करने के लिए एक मास्टर प्लैन को अनुमोदित करने के लिए योजना आयोग की सिफारिश पर विचार करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई (नोटिस प्रकाशित किया गया), और इस निष्कर्ष पर विचार करना कि कैलिफोर्निया पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) के साथ CEQA**

**दिशा निर्देशों धारा 15183 के अनुसार समझौते में आगे किसी भी पर्यावरणीय समीक्षा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि परियोजना वार्म स्प्रिंग्स /साउथ फ्रीमॉन्ट सामुदायिक योजना के तहत विकास के घनत्व और तीव्रता के साथ संगत है, जिसके लिए एक अंतिम पर्यावरण प्रभाव रिपोर्ट (SCH#2013032062) पहले तैयार की गई और प्रमाणित की गई थी।**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | | |
|---|---|---|
| नाम: | डेविड वेज (David Wage) | क्रिस्टी व्हीलर (Kristie Wheeler) |
| पदनाम: | सहायक योजनाकार | योजनाकार प्रबंधक |
| विभाग: | योजना | योजना |
| फोन: | 510-494-4447 | 510-494-4454 |
| ई-मेल: | dwage@fremont.gov | kwheeler@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन करें।
2. पता लगाएँ कि CEQA दिशा निर्देशों धारा 15183 के अनुसार आगे किसी भी पर्यावरणीय समीक्षा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि परियोजना WS/SF सामुदायिक योजना के तहत विकास के घनत्व और तीव्रता के साथ संगत है, जिसके लिए एक FEIR (SCH#2013032062) पहले तैयार की गई और प्रमाणित की गई थी, और यह कि परियोजना की जल मांग दिनांकित सितंबर 2013 की वार्म स्प्रिंग्स /साउथ फ्रीमॉन्ट सामुदायिक योजना के लिए अलामेडा काउंटी वॉटर जिले के जल आपूर्ति मूल्यांकन में शामिल योजना अनुमानों के अनुरूप है, जैसा कि परिशिष्ट "A" में प्रदत्त पर्यावरण अनुपालन चेकलिस्ट में विश्लेषण किया गया है और पता लगाएँ कि यह कार्रवाई शहर के स्वतंत्र फैसले को दर्शाती है।
3. पता लगाएँ कि वार्म स्प्रिंग्स प्रौद्योगिकी केन्द्र मास्टर प्लैन, जैसा कि परिशिष्ट “B” (मास्टर प्लैन) में प्रदर्शित किया गया है, वह सामान्य योजना, WS/SF सामुदायिक योजना और फ्रीमॉन्ट नगर संहिता (FMC) के अध्याय 18.4 9 (वार्म स्प्रिंग्स इनोवेशन ("WSI") ज़िला) के साथ सुसंगत है, जैसा कि इस रिपोर्ट में वर्णित है।
4. FMC की धारा 18.49.050(a)(4) में निर्दिष्ट निष्कर्षों के आधार पर और परिशिष्ट "C" में दिखाए गए अनुसार अनुमोदन की शर्तों के अधीन वार्म स्प्रिंग्स प्रौद्योगिकी केन्द्र मास्टर प्लैन, जैसा कि परिशिष्ट “B” (मास्टर प्लैन) में प्रदर्शित किया गया है, को अनुमोदित करने वाले एक प्रस्ताव को अपनाएँ।

**ड. वाणिज्यिक लिंकेज शुल्क - सस्ती हाउसिंग (फ्रीमॉन्ट नगर संहिता के अध्याय 18.156 को जोड़ना) (PLN 2017--00256) के लिए एक वाणिज्यिक लिंक फीस की स्थापना करने वाली एक ज़ोनिंग पाठ संशोधन को स्वीकृति देने के लिए नियोजन आयोग की सिफारिश पर विचार करने के लिए एक क्षेत्रीकरण पाठ्य संशोधन**

**पर विचार करने के लिए जन सुनवाई (प्रकाशित सूचना)। प्रस्तावित परियोजना अपनाई गई सामान्य योजना का कार्यान्वयन उपाय है, जिसके लिए अंतिम पर्यावरण प्रभाव रिपोर्ट (EIR) (SCH#2010082060) को पहले तैयार और प्रमाणित किया गया था, और इसलिए, आगे किसी पर्यावरण समीक्षा की आवश्यकता नहीं है।**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | | |
|---|---|---|
| नाम: | डैन शोऐनहोल्ज (Dan Schoenholz) | जैफ़ शवॉब (Jeff Schwob) |
| पदनाम: | सामुदायिक विकास उप-निदेशक | निदेशक |
| विभाग: | सामुदायिक विकास | सामुदायिक विकास |
| फोन: | 510-494-4438 | 510-494-4527 |
| ई-मेल: | dschoenholz@fremont.gov | jschwob@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन करें।
2. पता लगाएँ कि प्रस्तावित क्षेत्रीकरण पाठ्य संशोधन सामान्य योजना का कार्यान्वयन उपाय है, जिसके लिए एक अंतिम पर्यावरण प्रभाव रिपोर्ट को पहले तैयार और प्रमाणित किया गया था और यह कि आगे किसी पर्यावरण समीक्षा की आवश्यकता नहीं है।
3. पता लगाएँ कि प्रस्तावित क्षेत्रीकरण पाठ्य संशोधन सामान्य योजनाके साथ सुसंगत है जैसा कि स्टॉफ रिपोर्ट में वर्णित किया गया है।
4. पता लगाएँ कि प्रस्तावित क्षेत्रीकरण पाठ्य संशोधन सार्वजनिक हित में है, सुविधाजनक है, और शहर के सामान्य कल्याण के लिए है जैसा कि स्टॉफ रिपोर्ट में वर्णित किया गया है।
5. किफायती आवास की आवश्यकता पर गैर-आवासीय विकास के प्रभावों के बारे में अक्टूबर 2016 के सस्ती हाउसिंग नेक्सस अध्ययन में निहित निष्कर्षों को अपनाना।
6. प्रारूप अध्यादेश (परिशिष्ट "A") में उल्लिखित प्रस्तावित क्षेत्रीकरण पाठ्य संशोधन को अनुमोदित करने वाले एक अध्यादेश का परिचय दें।
7. सस्ती हाउसिंग के लिए एक वाणिज्यिक लिंकेज शुल्क के संबंध में मास्टर फीस निर्धारण में एक संशोधन को अनुमोदित करने के लिए एक संकल्प अपनाना।
8. स्टॉफ को इस अध्यादेश को तैयार करने और शहरी क्लर्क को इसे प्रकाशित करने के लिए निर्देश देना।

**E. वित्तीय वर्ष 2017/18 प्रस्तावित संचालन बजट पर पहली सार्वजनिक सुनवाई - वित्तीय वर्ष 2017/18 प्रस्तावित संचालन बजट पर पहली सार्वजनिक सुनवाई (नोटिस प्रकाशित किया गया)**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | | |
|---|---|---|
| नाम: | माइक सुंग (Mike Sung) | डेविड परसेलिन (David Persselin) |
| पदनाम: | उप वित्तीय निदेशक | वित्तीय निदेशक |
| विभाग: | वित्तीय विभाग | वित्तीय विभाग |
| फोन: | 510-494-4608 | 510-494-4631 |
| ई-मेल: | msung@fremont.gov | dpersselin@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन करें।
2. वित्तीय वर्ष 2017/18 प्रस्तावित संचालन बजट से संबंधित मुद्दों पर स्टॉफ को निर्देश प्रदान करें।

**F. राजधानी सुधार कार्यक्रम - प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2017/18 - 2021/22 पूंजी सुधार कार्यक्रम पर प्रथम सार्वजनिक सुनवाई (प्रकाशित सूचना) और स्टॉफ के लिए परिषद के दिशा-निर्देश**

सम्पर्क व्यक्ति:

| | | |
|---|---|---|
| नाम: | मिशेल सिल्वा-सलीनास (Michelle Silva-Salinas) | हैंस लारसेन (Hans Larsen) |
| पदनाम: | व्यवसाय प्रबंधक | लोक निर्माण निदेशक |
| विभाग: | लोक निर्माण | लोक निर्माण |
| फोन: | 510-979-5705 | 510-494-4722 |
| ई-मेल: | msilva-salinas@fremont.gov | hlarsen@fremont.gov |

**सिफारिशें:**

1. एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन करें।
2. पांच सालों के लिए प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2017/18 - 2021/22 CIP के लिए सभी राजधानी सुधार कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करें और उन पर विचार करें।
3. 13 जून 2017 को विचार करने के लिए, वित्तीय वर्ष 2017/18 - 2021/22 प्रस्तावित CIP पर जरूरत के मुताबिक दिशा-निर्देश प्रदान करें।

## 6. **शहरी वकील से रिपोर्ट** – कोई नहीं।

## 7. **अन्य व्यवसाय** – कोई नहीं।

## 8. समिति के संचार

**A. समिति के रैफरल -** कोई नहीं।

**B. बैठकों और कार्यक्रमों पर मौखिक रिपोर्टें**

## 9. स्थगन

## ACRONYMS

| | |
|---|---|
| ABAG | Association of Bay Area Governments |
| ACE | Altamont Commuter Express |
| ACFCD | Alameda County Flood Control District |
| ACTC | Alameda County Transportation Commission |
| ACWD | Alameda County Water District |
| ARB | Art Review Board |
| BAAQMD | Bay Area Air Quality Management District |
| BART | Bay Area Rapid Transit District |
| BCDC | Bay Conservation & Development Commission |
| BMPs | Best Management Practices |
| BMR | Below Market Rate |
| CALPERS | California Public Employees' Retirement System |
| CBC | California Building Code |
| CDD | Community Development Department |
| CC & R's | Covenants, Conditions & Restrictions |
| CDBG | Community Development Block Grant |
| CEQA | California Environmental Quality Act |
| CERT | Community Emergency Response Team |
| CIP | Capital Improvement Program |
| CNG | Compressed Natural Gas |
| COF | City of Fremont |
| COPPS | Community Oriented Policing and Public Safety |
| CSAC | California State Association of Counties |
| CTC | California Transportation Commission |
| dB | Decibel |
| DEIR | Draft Environmental Impact Report |
| DU/AC | Dwelling Units per Acre |
| EBRPD | East Bay Regional Park District |
| EDAC | Economic Development Advisory Commission (City) |
| EIR | Environmental Impact Report (CEQA) |
| EIS | Environmental Impact Statement (NEPA) |
| ERAF | Education Revenue Augmentation Fund |
| EVAW | Emergency Vehicle Accessway |
| FAR | Floor Area Ratio |
| FEMA | Federal Emergency Management Agency |
| FFD | Fremont Fire Department |
| FMC | Fremont Municipal Code |
| FPD | Fremont Police Department |
| FRC | Family Resource Center |
| FUSD | Fremont Unified School District |
| GIS | Geographic Information System |
| GPA | General Plan Amendment |
| HARB | Historical Architectural Review Board |
| HBA | Home Builders Association |
| HRC | Human Relations Commission |
| ICMA | International City/County Management Association |
| JPA | Joint Powers Authority |
| LLMD | Lighting and Landscaping Maintenance District |
| LOCC | League of California Cities |
| LOS | Level of Service |
| MOU | Memorandum of Understanding |
| MTC | Metropolitan Transportation Commission |
| NEPA | National Environmental Policy Act |
| NLC | National League of Cities |
| NPDES | National Pollutant Discharge Elimination System |
| NPO | Neighborhood Preservation Ordinance |
| PC | Planning Commission |
| PD | Planned District |
| PDA | Priority Development Area |
| PUC | Public Utilities Commission |
| PVAW | Private Vehicle Accessway |
| PWC | Public Works Contract |
| RFP | Request for Proposals |
| RFQ | Request for Qualifications |
| RHNA | Regional Housing Needs Allocation |
| ROP | Regional Occupational Program |
| RRIDRO | Residential Rent Increase Dispute Resolution Ordinance |
| RWQCB | Regional Water Quality Control Board |
| SACNET | Southern Alameda County Narcotics Enforcement Task Force |
| STIP | State Transportation Improvement Program |
| TCRDF | Tri-Cities Recycling and Disposal Facility |
| TOD | Transit Oriented Development |
| TS/MRF | Transfer Station/Materials Recovery Facility |
| UBC | See CBC |
| VTA | Santa Clara Valley Transportation Authority |
| WMA | Waste Management Authority |
| ZA | Zoning Administrator |
| ZTA | Zoning Text Amendment |

| **आने वाली बैठक और चैनल 27**<br>**ब्रॉडकास्ट समय-सारणी** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ***तारीख*** | ***समय*** | ***बैठक की किस्म*** | ***स्थान*** | ***केबल चैनल 27*** |
| **13 जून 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **20 जून 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **27 जून 2017** | | नगर परिषद बैठक | | |
| **04 जुलाई 2017** | | *छुट्टी - कोई परिषद बैठक नहीं* | | |
| **11 जुलाई 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **18 जुलाई 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **25 जुलाई 2017** | | नगर परिषद बैठक | | |
| ***अगस्त की छुट्टी*** | | *कोई परिषद बैठक नहीं* | | |
| **05 सितम्बर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **12 सितम्बर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **19 सितम्बर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **26 सितम्बर 2017** | | नगर परिषद बैठक | | |
| **सोमवार,**<br>**02 अक्तूबर 2017** | शाम 05:30 बजे | संयुक्त परिषद/FUSD बैठक | *FUSD* | लाइव |
| **03 अक्तूबर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **10 अक्तूबर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **17 अक्तूबर 2017** | शाम 07:00 बजे | नगर परिषद बैठक | परिषद चैम्बर्स | लाइव |
| **24 अक्तूबर 2017** | | नगर परिषद बैठक | | |
| **31 अक्तूबर 2017** | | नगर परिषद बैठक | | |

# जिला-आधारित चुनावों / मसौदा नक्शे की सामग्री, चुनावों के अनुक्रम - मसौदा नक्शों, चुनावों के अनुक्रम की समीक्षा करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई, और सिटी ऑफ फ्रीमॉन्ट में व्यापक स्तर से ज़िला आधारित चुनावों पर पारगमन करने वाले एक अध्यादेश का परिचय और अध्याय 2.05 में अन्य अनुकूल और तकनीकी परिवर्तन करना

**सम्पर्क व्यक्ति:**


| | | |
|---|---|---|
| नाम: | जैसिका वॉन बोर्क | हार्वे ई. लैवाइन |
| पदनाम: | सहायक शहरी प्रबंधक | शहरी वकील |
| विभाग: | शहरी प्रबंधक का कार्यालय | शहरी प्रबंधक का कार्यालय |
| फोन: | 510-248-4008 | 510-284-4030 |
| ई-मेल: | jvborck@fremont.gov | hlevine@fremont.gov |


---

**कार्यकारी सारांश:** 21 मार्च, 2017 को सिटी ने खुले तौर के चुनावों से ज़िला-आधारित चुनावों में परिवर्तन करने के लिए इरादे का संकल्प लिया चुनाव संहिता की धारा 10010 के अनुसार सिटी को कानून में विनिर्धारित समयावधि के अंदर पांच (5) जन सुनवाईयाँ करनी होंगी। 2 मई, 2017 को जन सुनवाई में परिषद ने एक और सुनवाई करने का निर्णय लिया जो 13 जून, 2017 को रखी गई है। पहली चार (4) जन सुनवाईयाँ पूरी हो चुकी हैं और परिषद तथा समुदाय को ज़िलों के संघटन और संभावित चुनाव क्रम के संबंध में चर्चा करने की अनुमति मिल गई है। 6 जून को होने वाली सुनवाई आवश्यक पाँचवीं जन सुनवाई है जहाँ परिषद नक्शे के एक पसंदीदा प्रारूप और ज़िला-आधारित चुनाव करवाने के लिए एक अध्यादेश लाने के संबंध में अंतिम सिफारिश करेगी। छठी और अंतिम जन सुनवाई में परिषद ज़िला-आधारित चुनाव करवाने के लिए अध्यादेश अपनाने पर विचार करने के लिए मतदान करेगी।

**पृष्ठभूमि:** नगर परिषद ने छह (6) में से पहली चार (4) जन सुनवाईयाँ 3 अप्रैल, 18 अप्रैल, 2 मई और 16 मई, 2017 को कीं थी। पहली तीन सुनवाईयों में परिषद तथा समुदाय को ज़िलों के संघटन तथा संभावित चुनाव क्रम के संबंध में टिप्पणी करने की अनुमति मिली। प्रारूप मतदान ज़िला नक्शे 25 अप्रैल और 9 मई, 2017 को प्रकाशित किए गए और तीसरी तथा चौथी जन सुनवाई में प्रस्तुत किए गए तथा इन पर चर्चा की गई। नक्शों के प्रारूप की सामग्री और प्रस्तावित चुनावों के क्रम के संदर्भ में जनता की टिप्पणियाँ तथा परिषद के निर्देश दिए गए। 6 जून को होने वाली जन सुनवाई में परिषद अंतिम सिफारिशें करेगी और एक सर्वाधिक पसंदीदा ज़िला नक्शे तथा चुनाव क्रम का चयन करेगी और ज़िला-आधारित चुनाव करवाने के लिए एक अध्यादेश लाएगी। छठी और अंतिम जन सुनवाई में परिषद ज़िला नक्शे तथा चुनाव क्रम के साथ ज़िला-आधारित चुनाव करवाने के लिए एक अध्यादेश अपनाने हेतु मतदान करेगी।

*<u>जनता तक पहुँच</u>*

21 मार्च, 2017 को इरादे का संकल्प अपनाए जाने के बाद से सिटी की जनता को ज़िला-आधारित चुनावों और उनके गठन से संबंधित प्रक्रिया के संबंध में सूचना देने के लिए जनता तक पहुँच के प्रयासों में लग गया है। सिटी की वेबसाइट पर ज़िला-आधारित चुनावों से संबंधित सूचना देने के लिए एक अलग वेब पेज बनाया गया है जहाँ उन अवसरों की सूचना भी दी गई है कि जनता कब और कैसे इस चर्चा में अपना योगदान दे सकती है। इसके अतिरिक्त सिटी ने सूचना साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया मंच का सहारा लिया है, और यह ओपन सिटी हॉल के माध्यम से समुदाय से नक्शों के प्रस्तावित प्रारूप और चुनाव क्रम के संबंध में टिप्पणियाँ ले रहा है। नक्शों के प्रारूप और अधिक सूचना कहाँ प्राप्त करें और परिषद को टिप्पणियाँ कैसे दें, इस संबंध में सूचना सहित पोस्टर और फ्लायर सिटी के सभी सुविधा केंद्रों और पुस्तकालय में वितरित किए गए हैं और लगाए गए हैं। ये फ्रीमॉन्ट एकीकृत विद्यालय ज़िले (Fremont Unified School District) को भी उपलब्ध कराए गए हैं। गैर-अंग्रेजी भाषी नागरिकों को अतिरिक्त सहायता देने के लिए नगर परिषद की बैठक की कार्यसूची कवर शीटें और इस स्टाफ रिपोर्ट का सात भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इन भाषाओं में स्पैनिश, चीनी, वियतनामी, टेगालॉग, दरी, हिंदी और पंजाबी शामिल है। अनुवादित दस्तावेज सिटी की वेबसाइट https://fremont.gov/districtelections पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त नगर परिषद की बैठकें बहरे नागरिकों के लिए परिषद चैम्बरों में *ओपन कैपशन्ड* होती हैं और घर पर देखने के लिए *क्लोज्ड कैपशन्ड* होती हैं।

*<u>जिला नक्शों का प्रारूप तैयार करना</u>*

पूरी जन सुनवाई प्रक्रिया के दौरान नगर की परामर्शी टीम ने उन घटकों के संबंध में दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए हैं जिन पर नए मतदान ज़िले बनाते समय विचार किया जाना चाहिए जिनमें निम्नलिखित कानूनी रूप से आवश्यक मानदंड शामिल हैं:

- प्रत्येक परिषद ज़िले में लगभग समान जनसंख्या होनी चाहिए;
- ज़िला बनाने की योजना इस प्रकार बनाई जाएगी जो संघीय मतदान
- अधिकार अधिनियम का अनुपालन करे; और
- प्रत्येक परिषद ज़िला संयुक्त राज्य अमेरिका के उच्चतम न्यायालय द्वारा शॉ बनाम रेनो, 509 U.S. 630 (1993) के मामले में स्थापित सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए नस्ल को प्रमुख घटक मानते हुए नहीं बनाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, जनसांख्यिकी परामर्शदाता लैपकॉफ एंड गोबेलेट डेमोग्राफिक रिसर्च इंकोर्पोरेटेड ने विभिन्न जनसांख्यिकी तथा भौगोलिक आंकड़े प्रस्तुत किए हैं जो ज़िलों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण मानदंड बने (कानूनी आवश्यकता के अतिरिक्त)। 18 अप्रैल को प्रथम जन सुनवाई में नगर परिषद और जनता से प्राप्त सभी जानकारियों के आधार पर डेमोग्राफर ने सिटी को उप-क्षेत्रों में विभाजित किया और नक्शों की श्रृंखलाएं बनाई जिनका प्रयोग जनता और परिषद द्वारा आगे की चर्चा का निर्देशन करने और विभिन्न चुनाव ज़िला स्थितियों का मसौदा तैयार करने के लिए किया गया। डेमोग्राफर ने जहाँ संभव था, वहाँ राजमार्गों, प्रमुख सड़कों, छोटी नदियों और रेल सड़कों को भी (मान्य) सीमाओं के रूप में प्रयोग किया।

*<u>नक्शा बनाने के मानदंड</u>*

दूसरी जन सुनवाई में परिषद ने डेमोग्राफर को ज़िलों के नक्शों का प्रारूप बनाते समय स्थापित कानूनी आवश्यकताओं के साथ-साथ निम्नलिखित मानदंडों पर विचार करने का निर्देश दिया। कृपया नोट करें कि ये मानदंड बिना किसी विशेष प्राथमिकता के सूचीबद्ध किए गए हैं:

- नगर के 28 पड़ोसी ज़िले
- FUSD प्रारंभिक और उच्च विद्यालय में उपस्थिति वाले क्षेत्र
- नगर के 9 व्यावसायिक ज़िले
- ट्रांजिट उन्मुखी विकास भूमि-उपयोग चिह्न
- 2010 के बाद आवास तथा जनसंख्या वृद्धि
- कैलिफोर्निया राज्य असेम्बली ज़िला सीमाएं
- कांग्रेशनल ज़िला सीमाएं
- जनगणना ब्लॉक
- सीमाओं के रूप में राजमार्ग, प्रमुख सड़कों, छोटी नदियों और रेल सड़कों जैसे भौगोलिक घटक (मान्य)
- क्षेत्र में सामंजस्य, समीपता, अखंडता तथा सघनता

बाद में, तीसरी जन सुनवाई में परिषद ने नक्शे C के लिए अपनी पसंद दर्शाई और निम्नलिखित अतिरिक्त मानदंडों को नक्शों के संशोधित प्रारूप के आधार के रूप में शामिल करने का अनुरोध किया।

- मूल नक्शे C में प्रस्तावित ज़िले 1 को इस प्रकार विभाजित किया जाना चाहिए ताकि उत्तर में आर्डनवुड के क्षेत्र को दक्षिण में बेसाइड/वार्म स्प्रिंग्स के साथ न जोड़ा जाए।
- जहाँ तक संभव हो, फ्रीमॉन्ट के स्थापित पड़ोसियों पर विचार किया जाए।
- जहाँ तक संभव हो, परामर्शदाताओं को यह विश्लेषण करना चाहिए कि एक रूचि वाले अफगान समुदाय को यथासंभव एक ही ज़िले में कैसे रखा जाए
- ज़िलों की सघनता को बनाए रखा जाए – सुनिश्चित किया जाए कि सीमाएं स्पष्ट रेखाओं के रूप में हों और अनियमित आकार को सीमित किया जाए।
- मूल्यांकन करें कि क्या पदग्रहण (incumbency) का सम्मान करने के लिए ग्लेनमूर और ग्लेन मैनोर के पड़ोसियों को अलग-अलग ज़िलों में रखा जा सकता है।
- जहाँ तक संभव हो, उच्च विद्यालय उपस्थिति वाले क्षेत्रों पर विचार किया जाए।
- जहाँ तक संभव हो, यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक ज़िले में आवासीय तथा वाणिज्यिक सहित उपयोगों का मिश्रण हो।

नगर परिषद ने डेमोग्राफर को जनता और नगर परिषद के विचारार्थ प्रत्येक प्रारूप योजना के ज़िलों में चुनावों का संभावित क्रम देते हुए निम्नलिखित प्राथमिक पहलुओं को लागू करने का भी निर्देश दिया:

1. 2018 में निम्नानुसार चार ज़िले चुनाव द्वारा भरे जाएंगे:

2018 में दो ज़िले, जिनमें कोई पदग्राही (incumbent) नहीं रहता (मेयर के अतिरिक्त), चुनाव द्वारा भरे जाएंगे।

कोई ऐसा ज़िला जिसमें कोई ऐसा पदग्राही रहता है जिसका कार्यकाल 2018 में समाप्त हो रहा है, उसे 2018 में चार-वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव द्वारा भरा जाएगा।

यदि वर्तमान ऐसे पदग्राहियों, जिनका कार्यकाल 2018 में समाप्त हो रहा है, के निवास स्थान अपरिहार्य रूप से एक ज़िले में हैं तो उस ज़िले को, बहरहाल, 2018 में चार-वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव द्वारा भरा जाएगा, और एक तीसरा ज़िला जिसमें कोई पदग्राही नहीं रहता उसे 2018 में चुनाव द्वारा भरा जाएगा।

उसके बाद नगर परिषद किसी ऐसे ज़िले को दो-वर्ष के कार्यकाल के लिए नामित करेगी जिसमें कोई पदग्राही नहीं रहता। अन्य एक अथवा दो ज़िलों में प्रत्येक में चार-वर्ष का कार्यकाल होगा।

2. तीन ज़िलों को 2020 तक निम्नानुसार चुनाव से भरा जाएगा:

दो ज़िले जिन्हें 2018 में चुनाव द्वारा नहीं भरा गया, उन्हें 2020 में चार-वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव द्वारा भरा जाएगा।

2018 में दो-वर्ष के कार्यकाल के लिए नामित ज़िले को पुन: 2020 में चार-वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव द्वारा भरा जाएगा।

*निर्वाचक ज़िलों की संख्या*

नगर परिषद ने नगरव्यापी निर्वाचक मंडल द्वारा चुने गए मेयर के साथ छह (6) निर्वाचक ज़िलों के विन्यास के आधार पर नक्शे का प्रारूप तैयार करने के निर्देश नगर की परामर्शदाता टीम को दिए।

**विचार-विमर्श/विश्लेषण:**

*जन-सामान्य की टिप्पणियाँ और परिषद के विचार-विमर्श*

16 मई, 2017 को चौथी जन-सुनवाई में समुदाय और परिषद को उन चार नए मसौदा नक्शों पर अपनी प्रतिक्रिया देने का अवसर प्राप्त हुआ, जिन्हें तीसरी जन-सुनवाई में दिए गए परिषद के निर्देश पर तैयार किया गया था। इन नक्शों के शीर्षक नक्शा C-1, नक्शा C-2, नक्शा C-2a, और नक्शा M थे। नगर के स्वतंत्र कानूनी परामर्शदाता (legal consultant) ने यह पुष्टि की कि सभी मसौदा नक्शे कैलिफोर्निया मतदान अधिकार अधिनियम (California Voting Rights Act) और संघीय मतदान अधिकार अधिनियम (Federal Voting Right Act) के अनुरूप हैं।

इन नए नक्शों में ज़िला 1 से बेयसाइड/वार्म स्प्रिंग्स क्षेत्र हटा दिए गए। नक्शे C-1 में ग्लेनमूर और ग्लेन मैनोर के आसपास के क्षेत्र को ज़िला 3 में साथ रखा गया जबकि नक्शे C-2 में इन दोनों के आसपास के क्षेत्रों को विभाजित करते हुए ग्लेनमूर को ज़िला 2 और ग्लेन मैनोर को ज़िला 3 में रखा गया। अधिकांश अफगान हित समुदाय को एक ज़िले में रखने के उद्देश्य से नक्शे C-2a में ज़िला 2 और 3 के बीच की सीमाओं में संशोधन किया गया। डेमोग्राफरों ने पूर्व मेयर गस मॉरिसन द्वारा प्रस्तावित ज़िलों का विभाजन दर्शाने के लिए वह नक्शा M भी तैयार किया, जिसे कैलिफोर्निया और संघीय मतदान अधिकार अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए परामर्शदाता टीम ने आशोधित किया।

मसौदा नक्शों के विषय में जन-सामान्य की टिप्पणियाँ सुनवाई में और सिटी के ज़िले के चुनाव वेबसाइट पर भी प्राप्त हुईं। जन-सामान्य में से अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने वाले अधिकांश वक्ताओं ने नक्शे C-2a को पसंद किया, जो कि मूलतः 9 मई को पोस्ट किए गए नक्शे C-2 का ही परिवर्तित रूप है। नक्शे C-2a के लिए समर्थन का मुख्य आधार यह तथ्य था कि इस नक्शे में अधिकांश अफगान हित समुदाय को एक ही ज़िले में रखा गया था। इसके अतिरिक्त, जन-समुदाय के सदस्यों ने यह सुझाव दिया कि ट्रांजिट-ओरिएंटिड डेवलपमेंट (TOD) क्षेत्र प्रत्येक ज़िले में दर्शाए जाएं और ज़िले के निर्माण में आसपास के परंपरागत क्षेत्रों को ध्यान में रखा जाए।

परिषद ने इसी प्रकार के कारणों का उल्लेख करते हुए C-1 और C-2a नक्शों के लिए अपनी पसंद व्यक्त की। परिषद के सदस्य जोन्स ने सुझाव दिया कि सीमाओं में वहाँ थोड़ा-बहुत संशोधन किया जाए, जहाँ ज़िला 4, 5 और 6 आपस में इन्टरसेक्ट करके इन ज़िलों को अधिक सघन बनाते हैं और इर्विंग्टन BART स्टेशन TOD को अधिक विवेकपूर्ण ढंग से विभाजित करने की सलाह यह मानते हुए दी कि ऐसा करने से इन ज़िलों की जनसंख्या वृद्धि के आँकड़ों में उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं होगा। C-1 और C-2a नक्शों में यह संशोधन कर दिया गया है और इसके परिणामस्वरूप योजनाओं के कुल परिवर्तन प्रतिशत में थोड़ी-सी ही वृद्धि हुई है। अधिक सघनता सुनिश्चित करने के अतिरिक्त, इन संशोधित नक्शों में इर्विंग्टन TOD क्षेत्र को दो ज़िला परिषदों के बीच विभाजित किया गया और ओस्गुड Rd. की दोनों साइडों को ज़िला 6 में वाशिंगटन बुलेवार्ड और डर्हम रोड के बीच रखा गया है। इन नवीनतम नक्शों को 30 मई को प्रकाशित किया गया और इन्हें नक्शा C-1a और नक्शा C-2b कहा जाता है।

*<u>चुनाव अनुक्रमण</u>*

नगर परिषद को यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चुनाव अनुक्रमण कार्यक्रम भी अवश्य तैयार करना चाहिए कि नवम्बर, 2018 के चुनावों के बाद छह परिषद सदस्य आसीन हों और चुनाव कार्यक्रम चरणबद्ध हो, ताकि प्रत्येक भावी चुनाव में तीन परिषद सदस्यों का निर्वाचन हो। चूँकि फिलहाल परिषद में दो पदग्राही हैं, जिनके कार्यकाल 2020 तक समाप्त नहीं होंगे (परिषद सदस्य बेकन और सालवान), जिसका अर्थ यह है कि वर्ष 2018 के ज़िला चुनावों में शेष चार सीटें भरी जानी चाहिए। नक्शे C-1a के अंतर्गत, एक सीट ज़िला 3 में चुनाव द्वारा भरी जाएगी, जहाँ दो पदग्राही रहते हैं और अन्य तीन सीटें अन्य चार ज़िलों में से तीन में चुनाव द्वारा भरी जाएंगी। इन तीन सीटों में से एक सीट का कार्यकाल दो वर्ष होगा, ताकि वर्ष 2020 में तीन ज़िलों के चुनाव हों (ज़िला 5 जहाँ पदग्राही सालवान और अन्य दो रहते हैं)। नक्शा C-2b नक्शा C-1a के समान ही है, सिवाए इस बात के कि दोनों ज़िलों 2 और 3 में पदग्राही होंगे, इसलिए शेष तीन ज़िलों में से केवल दो ज़िलों में चुनाव होंगे।

परिषद यह चयन कर सकती है कि कौन से ओपन ज़िलों में लॉट द्वारा (स्ट्रॉ ड्रॉ करके) या अन्य किसी मानदंड के आधार पर चुनाव होंगे। उदाहरण के लिए 16 मई, 2017 को परिषद की बैठक में जन-सामान्य के सदस्य ने सुझाव दिया था कि ज़िला 1 का चयन किया जाना चाहिए क्योंकि नगर के इतिहास में कभी भी परिषद का कोई भी सदस्य उस क्षेत्र से नहीं रहा। परिषद को यह

भी चयन करना होगा कि वर्ष 2018 के चुनावों में कौन-सी ओपन ज़िला सीट का कार्यकाल दो वर्ष होगा। यह चयन भी लॉट द्वारा किया जा सकता है। चुनाव अनुक्रमण किस प्रकार कार्य कर सकता है, उसका उदाहरण यहाँ दर्शाया गया है। शेड से दर्शाया गया है कि ज़िला सीट के चरण किस प्रकार होंगे।

| **चुनाव अनुक्रमण का उदाहरण<br><br>2018 के चुनाव** | | |
|---|---|---|
| **परिषद ज़िला** | **नक्शा C-1a** | **नक्शा C-2b** |
| 1 | **2018** | **2018** |
| 2 | **2018** | **2018 (जोन्स)** |
| 3 | **2018 (जोन्स/बोनाकोर्सी)** | **2018 (बोनाकोर्सी)** |
| 4 | **2018 (दो वर्ष का कार्यकाल)** | **2018 (दो वर्ष का कार्यकाल)** |
| **पद पर सामान्य सदस्य बने रहेंगे** | **बेकन (2020 में कार्यकाल समाप्त होता है)<br>सालवान (2020 में चलता है)** | **बेकन (2020 में कार्यकाल समाप्त होता है)<br>सालवान (2020 में चलता है)** |
| **2020 के चुनाव** | | |
| 4 | **2020 (दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त होता है)** | **2020 (दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त होता है)** |
| 5 | **2020 (सालवान)** | **2020 (सालवान)** |
| 6 | **2020** | **2020** |
| **पद पर सामान्य सदस्य बने रहेंगे** | **कोई नहीं** | **none** |

<u>पीली शेडिंग</u> = वे ज़िले जिनमें 2018 में चुनाव होंगे।
<u>हरी शेडिंग</u> = वे ज़िले जिनमें 2020 में चुनाव होंगे। ध्यान रखें कि ज़िला 4 में वर्ष 2018 में दो वर्षों के कार्यकाल के लिए चुनाव होगा और पहले चार वर्ष के कार्यकाल का चुनाव वर्ष 2020 में होगा।

नोट्स:

नक्शा C-1a – वर्ष 2018 में ज़िला 3 में परिषद सदस्य जोन्स और/या बोनाकोर्सी चल रहे होंगे। चूँकि परिषद सदस्य सालवान और बेकन वर्ष 2020 तक भी परिषद में शामिल रहेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में और तीन ज़िलों में चुनाव कराने की आवश्यकता होगी कि नवम्बर, 2018 के चुनावों के बाद परिषद में छह सदस्य आसीन हों। परिषद तीन शेष ओपन सीटों के लिए शेष चार में से किसी भी ज़िले का चयन कर सकती है। उनमें से एक सीट का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, ताकि चुनाव चरणबद्ध हो सके और तीन सीटों के चुनाव वर्ष 2020 में हों (सालवान के ज़िले की 5 सीट, दो वर्ष के कार्यकाल वाली सीट तथा एक और ज़िला)। परिषद के सदस्य सालवान और बेकन वर्ष 2020 में अपना कार्यकाल समाप्त होने तक “समग्र रूप से” नगर का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

नक्शा C-2b –परिषद सदस्य जोन्स और बोनाकोर्सी वर्ष 2018 में अपने-अपने ज़िलों (क्रमशः 2 और 3) में चुनावों में खड़े होंगे। चूँकि परिषद सदस्य सालवान और बेकन वर्ष 2020 तक भी परिषद में शामिल रहेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में और दो ज़िलों में चुनाव कराने की आवश्यकता होगी कि नवम्बर, 2018 के चुनावों के बाद परिषद में छह सदस्य आसीन हों। परिषद दो शेष ओपन सीटों के लिए शेष तीन में से किसी भी ज़िले का चयन कर सकती है। उनमें से एक सीट का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, ताकि चुनाव चरणबद्ध हो सके और तीन सीटों के चुनाव वर्ष 2020 में हों (सालवान के ज़िले की 5 सीट, दो वर्ष के कार्यकाल वाली सीट तथा एक और ज़िला)। परिषद के सदस्य सालवान और बेकन वर्ष 2020 में अपना कार्यकाल समाप्त होने तक “समग्र रूप से” नगर का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

*वांछित परिणाम*

चुनाव संहिता धारा 10010 के अनुसरण में, इस पाँचवी जन-सुनवाई का उद्देश्य वरीयता-प्राप्त ज़िला नक्शे का निर्धारण करने, भावी चुनावों का अनुक्रमण स्थापित करने और दो वर्षों एवं चार वर्षों के कार्यकाल का निर्धारण करने के लिए फ्रीमोंट नगरपालिका कोड के अध्याय 2.05 में संशोधन करने वाला एक अध्यादेश प्रस्तुत करना है। नक्शा C-1a और योजना C-2b - दोनों के लिए अध्यादेशों के प्रारूप संलग्न हैं। इसके अलावा, विशेष परिषद की बैठकों के बारे में कानून में परिवर्तन और परिषद की रिक्तियों को भरने और परिषद के सदस्यों के संदर्भ में सामान्य तटस्थ भाषा को शामिल करने के लिए (जैसे "काउंसिलमेन" के बजाय "काउंसिल मेम्बर") ड्राफ्ट अध्यादेश में अध्याय 2.05 के शेष के लिए प्रस्तावित संशोधन शामिल हैं।

**राजकोषीय प्रभाव:** इस जन-सुनवाई के आयोजन का कोई उल्लेखनीय राजकोषीय प्रभाव नहीं है।

**पर्यावरणीय समीक्षा:** प्रस्तावित अध्यादेश को CEQA दिशा-निर्देशों की धारा 15061(b)(3) के अनुसरण में कैलिफोर्निया पर्यावरणीय गुणवत्ता अधिनियम (California Environmental Quality Act - CEQA) की अपेक्षाओं से छूट प्राप्त है क्योंकि इस अध्यादेश का पर्यावरण पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

**लिंक:** https://fremont.gov/districtelections

**सिफारिशें**

1. चुनाव संहिता की धारा 10010 के अनुसरण में ज़िला आधारित चुनाव प्रक्रिया के लिए संभावित मतदान ज़िलों के मसौदा नक्शों और संभावित चुनाव अनुक्रमण के विषय में जन-सामान्य के सुझाव प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में कर्मचारियों से रिपोर्ट प्राप्त करें;
2. जन-सुनवाई शुरू करना और जन-सामान्य के सदस्यों को बैठक में प्रस्तुत किए गए मसौदा नक्शों और संभावित चुनाव अनुक्रमण के विषय में अपने सुझाव देने के लिए आमंत्रित करें;
3. जन-सामान्य से और कोई सुझाव प्राप्त न होने पर जन-सुनवाई को समाप्त करें और वरीयता-प्राप्त मसौदा नक्शे का चयन करें;
4. पता लगाएँ कि उस प्रस्तावित अध्यादेश CEQA के दिशा-निर्देशों की धारा 15061(b)(3) के अनुसार कैलिफोर्निया पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) की आवश्यकताओं से मुक्त है, इसकी कोई संभावना नहीं है कि अध्यादेश का पर्यावरण पर कोई महत्वपूर्ण असर होगा; तथा

5. नगर परिषद सदस्यों के चुनाव की एक ज़िला आधारित व्यवस्था, भावी चुनावों के ज़िलों और समय तथा अनुक्रमण को स्थापित करने और अन्य अनुकूल और तकनीकी बदलाव करने के लिए फ्रीमोंट नगरपालिका कोड के अध्याय 2.05 में संशोधन करने वाला एक अध्यादेश प्रस्तुत करें।